>

Title: Need to construct a road between Tembhurni and Latur in Maharashtra - Laid

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): मेरे चुनाव क्षेत्र में कई तीर्थ स्थल हैं । यहां पर देश-विदेश से भारी संख्या में भक्तगण दर्शन करने आते हैं । लेकिन अच्छी सड़क नहीं होने के कारण उन्हें काफी असुविधा होती है । उनकी सुविधा हेतु इन तीर्थ स्थलों को अच्छी सड़कों से जोड़ने की जरूरत है ।

राष्ट्रीय राजमार्ग सख्या 48 सातारा जिले के कोरेगांव से शुरू होकर हैदराबाद की सीमा तक है । टेंभुर्णी मराठवाड़ा का मुख्य प्रवेश द्वार है । इसी महामार्ग पर टेंभुर्णी से लातुर तक का 164 कि0मी0 सड़क के निर्माण की जरूरत है । इस राजमार्ग के निर्माण हेतु 927.69 करोड़ रूपये के आवंटन की आवश्यकता है । इस सड़क के निर्माण होने से आवागमन में काफी आसानी होगी तथा खेती उद्योग और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा यातायात में आसानी होगी । यह सड़क मराठवाड़ा को जाने के लिए काफी महत्वपूर्ण है । इसलिए इस रास्ते . के निर्माण की आवश्यकता है ।

मैं आशा करता हूँ कि इस संबंध में जनसामान्य की भावनाओं पर विचार कर सरकार उचित निर्णय लेंगी जिससे यहां पर आने-जाने वाले पर्यटकों, व्यापारियों, क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिल सकेगा ।